**झारखण्ड शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद राँची (झारखण्ड)**

**द्वितीय सावधिक परीक्षा (2021-2022)**

**प्रतिदर्श प्रश्न पत्र** **सेट- 04**

| | | | |
|---|---|---|---|
| **कक्षा- 12** | **विषय- हिंदी (कोर)** | **समय- 1 घंटा 30 मिनट** | **पूर्णांक- 40** |

**सामान्य निर्देश-:**

- **परीक्षार्थी यथासंभव अपनी ही भाषा-शैली में उत्तर दें ।**
- **इस प्रश्न-पत्र के तीन खंड हैं । सभी खंड के प्रश्नों का उत्तर देना अनिवार्य है।**
- **सभी प्रश्न के लिए निर्धारित अंक उसके सामने उपांत में अंकित है।**
- **प्रश्नों के उत्तर उसके साथ दिए निर्देशों के आलोक में ही लिखें ।**

**खंड - 'क' (अपठित बोध)**

01. निम्नलिखित पद्यांश को पढ़कर दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए- 02+02+02= 06

शांति नहीं तब तक, जब तक
सुख-भाग न सबका सम हो
नहीं किसी को बहुत अधिक हो।
नहीं किसी को कम हो।
स्वत्व माँगने से न मिले,
संघात पाप हो जाएँ ।
जियें या कि मिट जाएँ।
न्यायोचित अधिकार माँगने
से न मिले, तो लड़ के
तेजस्वी छीनते समर को,
जीत, या कि खुद मर के।

(क) शांति के लिए क्या आवश्यक है?
(ख) तेजस्वी लोगों की क्या पहचान है?
(ग) कौन-सा युद्ध निष्पाप है?

**अथवा**

JAC UPDATE

जीवन का सबसे बड़ा कलाकार और सबसे सफल व्यक्ति वह है जो उपयुक्त चुनाव करना जानता है। चुनाव करने में तनिक भी भूल-चूक हो गई तो असफलता, पतन और हानि सुनिश्चित है। कुछ चुनाव हमारे बस में नहीं है,जैसे माता-पिता का, देशकाल की, जन्म-मृत्यु का, किंतु कुछ चुनाव हमारे बस में है, जिन पर हमारी सफलता और असफलता निर्भर है, जैसे काम करने या न करने का चुनाव, आलस्य और परिश्रम का चुनाव और अच्छी-बुरी संगति का चुनाव। इन सब चुनावों में अच्छी-बुरी संगति का चुनाव सबसे महत्वपूर्ण है, क्योंकि इस चुनाव पर ही हमारा आचरण, हमारा कर्म, हमारे विचार, हमारी कर्मशैली और हमारी भाषा का स्तर निर्भर है। इन्हीं बातों पर हमारे जीवन की सफलता-असफलता की संभावनाएँ टिकी हैं।

(क) जीवन का सबसे बड़ा कलाकार कौन है?
(ख) सबसे महत्वपूर्ण चुनाव कौन-सा है?
(ग) उपर्युक्त गद्यांश का उपयुक्त शीर्षक लिखिए।

**खंड - 'ख' (अभिव्यक्ति और माध्यम)**

02. निम्नलिखित में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर दीजिए - 05+05=10

(क) '**मेरे जीवन का लक्ष्य**' अथवा '**लोकतंत्र में चुनाव**' विषय पर एक निबंध लिखिए।
(ख) अपने क्षेत्र में कानून-व्यवस्था की बिगड़ती हुई स्थिति पर किसी दैनिक समाचार पत्र के संपादक को एक पत्र लिखिए।
(ग) अपने क्षेत्र में पेयजल के घोर संकट की ओर ध्यान आकृष्ट करते हुए संबंधित अधिकारी को एक पत्र लिखिए।
(घ) 'प्रतिवेदन' का आशय स्पष्ट करते हुए उसकी विशेषताएं और तत्व लिखें।

**खंड - 'ग' (पाठ्यपुस्तक)**

03. निम्नलिखित में से किसी एक का काव्य-सौंदर्य लिखिए- 05

(क) हँसते हैं छोटे पौधे लघुभार-
शस्य अपार,
हिल - हिल,
खिल - खिल,
हाथ हिलाते,
तुझे बुलाते,



JAC UPDATE

विप्लव-रव से छोटे ही हैं शोभा पाते।

(ख) तव प्रताप उर राखि प्रभु जैहउं नाथ तुरंत।
अस कहि आयसु पाई पद बंदि चलेउ हनुमंत।।

04. निम्नलिखित में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर दीजिए - 03+03= 06

(क) 'बादल राग' कविता में कवि ने अट्टालिका को 'आतंक भवन' क्यों कहा है?

(ख) 'लक्ष्मण मूर्च्छा और राम का विलाप' में लक्ष्मण के प्रति राम के प्रेम के कौन-कौन से पहलू अभिव्यक्त हुए हैं?

(ग) रुबाइयाँ के आधार पर बताइए कि माँ द्वारा बच्चे को प्रसन्न करने के लिए क्या-क्या उपाय किये जा रहे हैं?

05. निम्नलिखित में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर दीजिए - 03+03= 06

(क) जीजी ने इंदर सेना पर पानी फेंके जाने को किस तरह सही ठहराया?

(ख) ढोलक की आवाज का पूरे गाँव पर क्या असर होता था?

(ग) लेखक के मत से दासता की व्यापक परिभाषा क्या है?

06. 'तुलसीदास' अथवा 'धर्मवीर भारती' की किन्हीं दो रचनाओं का नाम लिखिए। 02

07. 'जूझ' का कथानायक किशोर विद्यार्थियों के लिए आदर्श प्रेरणास्रोत है- कहानी के आधार पर स्पष्ट कीजिए। 03

**अथवा,**

"काश, कोई तो होता जो मेरी भावनाओं को गंभीरता से समझ पाता। अफसोस, ऐसा व्यक्ति मुझे अबतक नहीं मिला.......।" क्या आपको लगता है कि ऐन के इस कथन में उसके डायरी लेखन का कारण छिपा है? अपने उत्तर के पक्ष में तर्क दीजिए।

08. पाठशाला में प्रथम दिन लेखक को क्या अनुभव हुआ? 02

**अथवा**

ऐन के जन्मदिन पर उसे कैसे उपहार मिले?

JAC UPDATE